कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर विफलता का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया

जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

अजमेर, (कासं)। कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर मंगलवार को अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर विफलता का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्योतिबा फूले सर्किल से जिला कलेक्टर तक नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया, और जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा। विरोध व्यक्त करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि राजस्थान प्रदेश में भाजपा सरकार के 10 माह की विफलताओं को लेकर आमजन परेशान है। प्रदेश की जनता अतिवृष्टि, बढ़ती महंगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते महिला अत्याचार बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली पानी का संकट एवं माफिया राज से बुरी तरह त्रस्त है। जैन ने कहा कि हमने जिला कलेक्टर के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम जो ज्ञापन दिया है उसमें मुख्य रूप से हमारी जो मांगे उनमें प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण फसल खराबें का उचित मुआवजा किसानों को शीघ्र दिया जावें।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्योतिबा फूले सर्किल से जिला कलेक्टर तक नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

प्रदेश में बढ़ते महिला अत्याचार, दलित अत्याचार, महिला एवं नाबालिग बच्चियों के साथ बलात्कार की बढ़ती घटनायें, माफिया राज (खनन माफिया, बजरी माफिया, भू-माफिया) को रोकने हेतु तुरन्त कार्यवाही की जावें।

स्वीकृत विकास परियोजनाओं/कार्यों को समीक्षा के नाम पर बंद कर रखा है, उन्हें शीघ्र शुरू करावें। जिससे आमजन को राहत मिल सके।प्रदेश में नवम्बर एवं जनवरी में होने वाले नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों से एक राज्य-एक चुनाव के जुमले से भ्रम की स्थिति को दूर कर शीघ्र समय पर स्वायत्त संस्थाओं, पंचायती राज संस्थाआं के चुनाव का कार्यक्रम जारी करावें।

■ प्रदेश की टूटी एवं बदहाल सड़कों को तुरन्त ठीक कर राहत प्रदान की जावें

कांग्रेस मे फिर सामने आई गुटबाजी:- तो वही पूर्व सीएम अशोक गहलोत के करीबी माने जाने वाले अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने कांग्रेस के इस प्रदर्शन में अपने समर्थको एवं दूधियो के साथ विरोध प्रदर्शन कर एक बार फिर कांग्रेस की गुटबाजी को जग जाहिर कर दिया है। डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कांग्रेसियों व दूधियों के साथ ज्योतिबा फूले सर्किल पर धरना दिया और सरकार से दूधियों को मिलने वाले अनुदान जारी करने की मांग की, तो वही कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने कहा कि आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर भाजपा सरकारी की विफलता, प्रदेश मे बिगडती कानून व्यवस्थाओ सहित बढती मंहगाई को लेकर कांग्रेस कमेटी अजमेर द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था, लेकिन अजमेर डेयरी के सदर रामचन्द्र चौधरी को आज ही के दिन दूधियो के अनुदान की मांग को लेकर प्रदर्शन करने की आवश्यकता क्यूं महशूस हुई, तो वही राजनैतिक गलियारो मे यह भी चर्चा थी कि पूर्व सीएम अशोक गहलोत गुट कई प्रदेश मे बढती सचिन पायलट लोकप्रियता मे कही खलल डालने व पायलट गुट के प्रदर्शन को कमजोर करने का प्रयास तो नही किया गया।

अणुव्रत उदबोधन सप्ताह का उदघाटन

अजमेर, (कासं)। अजमेर अणुव्रत समिति द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द दिवस के आयोजन साथ अणुव्रत उद्धबोधन सप्ताह का उदघाटन 1 अक्टूबर, 2024 को पुलिस लाइन चौराहे स्थित गौरव प्लाजा में सर्व धर्म मैत्री संघ के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया इस अवसर पर अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा, मंत्री मनीष महनोत, कोषाध्यक्ष गजेंद्र कवाड़, मैत्री सर्व धर्म संघ के प्रकाश पाटनी, फादर अजय सिंह, सरदार हरविंदर सिंह, विक्रम सिंह बुद्ध,सूरज गुर्जन अजीत कुमार सैयद मंसूर अली मोहम्मद अली बोहरा, कमल किशोर गर्ग भगवान सिंह चौहान सहित अन्य की कार्यक्रम में भागीदारी रही।

अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द दिवस के तहत आज के कार्यक्रम में हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई और जैन संप्रदाय के प्रतिनिधियों ने सर्व धर्म प्रार्थना सभा मे भाग तथा अणुव्रत उदबोधन सप्ताह के बेनर का विमोचन भी किया गया तथा 2अक्टूबर को अहिंसा दिवस के रूप आयोजित करने की सूचना के साथ अल्पाहार के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के अंत में अणुव्रत समिति के अध्यक्ष द्वारा सभी आगनंतुको का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।

सार-समाचार

क्षमदान कार्यक्रम हुआ आयोजित

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ नगर पालिका के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा ही कार्यक्रम के तहत 15 दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पालिका के तत्वाधान में बस स्टेण्ड पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान तहसीलदार रणछोड़ लाल द्वारा बस स्टेण्ड पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर श्रमदान किया इस दौरान पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा भी श्रमदान किया गया। इस दौरान तहसीलदार रणछोड़ लाल नगर पालिका कनिष्ठ सहायक भागचन्द खटीक, एसबीएम इंजिनियर हर्षवर्धन सिंह, कनिष्ठ तकनीकी सहायक विरेन्द्र कुमार योगी व सफाई जमादार सत्यनारायण लखन सहित अन्य पालिका कार्मिक सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित रहें।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर योजना के आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड संख्या B-47 क्षेत्रफल 175.5 वर्गमीटर आवंटी/अन्तरिति स्व. दीपक अग्रवाल पुत्र स्व. राधेश्याम अग्रवाल निवासी T-16 शास्त्री नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 25/5/2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत/अपंजीकृत दिनांक 21/5/21) संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु श्रीमती प्रियंका अग्रवाल पत्नि स्व. दीपक अग्रवाल निवासी T-16 शास्त्री नगर अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चौरसियावास योजना पंचशील के आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड संख्या B-128 क्षेत्रफल 175.5 वर्गमीटर आवंटी/अन्तरिति स्व. दीपक अग्रवाल पुत्र स्व. राधेश्याम अग्रवाल निवासी T-16 शास्त्री नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 25/5/2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत/अपंजीकृत दिनांक 21/5/21) संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु श्रीमती प्रियंका अग्रवाल पत्नि स्व. दीपक अग्रवाल निवासी T-16 शास्त्री नगर अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की गणेश गुवाड़ी/पंचशील योजना के आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड संख्या G-955 क्षेत्रफल 50.00 वर्गमीटर आवंटी/अन्तरिति स्व. दीपक अग्रवाल पुत्र स्व. राधेश्याम अग्रवाल निवासी T-16 शास्त्री नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 25/5/2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत/अपंजीकृत दिनांक 21/5/21) संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु श्रीमती प्रियंका अग्रवाल पत्नि स्व. दीपक अग्रवाल निवासी T-16 शास्त्री नगर अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा मूल दस्तावेज गुम हो जाने पर फ्री होल्ड पट्टा जारी करने के क्रम आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर की हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) योजना के भूखण्ड संख्या 597 श्री लालचन्द आसनानी पुत्र स्व. श्री गुलाबमल आसनानी निवासी अजमेर को आवंटित किया गया था। जिसका पट्टा क्रमांक 2198 दिनांक 19/02/1999 को जारी किया गया। मूल आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का जरिये वारिसान नामान्तरण मधु आसनानी पुत्री स्व. श्री लालचन्द आसनानी निवासी अजमेर के नाम दर्ज है। श्री मधु आसनानी पुत्री स्व. श्री लालचन्द आसनानी द्वारा शपथ पत्र व मुमताजुनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि मूल दस्तावेज व लिंक दस्तावेज गुम हो गये है। अतः भूखण्ड संख्या 597 हरिभाऊ नगर (विस्तार) योजना का फ्री होल्ड पट्टा श्री मधु आसनानी पुत्री स्व. श्री लालचन्द आसनानी निवासी अजमेर के पक्ष में जारी किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक को फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जायेगा। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

दूरभाष 0145-2429953, फैक्स 0145-2433813, Email-ajmermc@gmail.com, web.-www.ajmermc@rajasthan.gov.in

क्रमांक: योजना/2023-24/331 दिनांक: 30-09-24

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियो के पक्ष में नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर सुधार न्यास से नगर निगम को हस्तान्तरित शास्त्रीनगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या E-61 क्षेत्रफल 444.44 वर्गगज के मूल आंवटी श्री नन्दकिशोर पाटोदिया पुत्र स्व. श्री चतुर्भिलाल पाटोदिया निवासी E-61 शास्त्रीनगर, अजमेर के नाम है। श्री नन्दकिशोर पाटोदिया का स्वर्गवास दिनांक 05.06.1993, श्रीमती मीना का स्वर्गवास दिनांक 03.06.2004, श्री राजेन्द्र का स्वर्गवास दिनांक 21.11.2010, श्री रामेश्वर का स्वर्गवास दिनांक 31.03.2015 एवं श्रीमती सुधा का स्वर्गवास दिनांक 19.02.2023 को हो चुका है। सजरा प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती प्रेमलता (पत्नी) एवं नरेन्द्र (पुत्र) विधिक वारिस है। श्रीमती प्रेमलता पाटोदिया पत्नी श्री नन्दकिशोर पाटोदिया एवं श्री नरेन्द्र पाटोदिया पुत्र श्री नन्दकिशोर पाटोदिया ने उक्त दस्तावेजों के आधार पर आवेदन सं. LSG/AJMER/MUT/2023-24 /10685 दिनांक 23.09.2024 को संयुक्त नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 कार्य दिवस के भीतर आपत्ति नगर निगम कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

लो पॉवर सप्लाई को लेकर क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन दिया

अजमेर, (कासं)। अजमेर नगर निगम के वार्ड 61 के तेजाजी नगर रसूलपुरा रोड के क्षेत्रवासियों ने सोमवार को एक बार फिर क्षेत्र में आ रही लो पॉवर सप्लाई की समस्या को लेकर नाका मदार एईएन को ज्ञापन सौपा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मई महीने में जेईएन को उक्त शिकायत को लेकर ज्ञापन सौपा गया था लेकिन करीब चार पांच माह से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद अभी तक समस्या का समाधान नही हुआ है। अजमेर विधुत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत करवाया गया लेकिन लो पॉवर की समस्या का समाधान नही हुआ है। क्षेत्रवासियो ने बताया कि तेजाजी नगर को बसे हुए कई साल हो गए है लेकिन विभाग की और से ना तो क्षेत्र में 11 केवी की लाईन डाली गई और ना ही ट्रासफार्मर लगाया गया है। जिसकी वजह से घरों मे लो पॉवर की समस्या के चलते घरेलू उपकरण भी नही चल पा रहे है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है तेजाजी नगर में 11 केवी की लाईन डालकर व ट्रांसफर्मर लगाकर राहत दे। ज्ञापन देने वालों में नानू सिंह, राकेश जांगिड, इन्द्रजीत, गौरव सहित बडी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रही।

■ क्षेत्रवासियों ने मांग की है तेजाजी नगर में 11 केवी की लाईन डालकर व ट्रांसफर्मर लगाकर राहत दे

क्षमदान किया

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ नगर पालिका के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा ही कार्यक्रम के तहत 15 दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पालिका के तत्वाधान में बस स्टेण्ड पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान तहसीलदार रणछोड़ लाल द्वारा बस स्टेण्ड पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर श्रमदान किया इस दौरान पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा भी श्रमदान किया गया। इस दौरान तहसीलदार रणछोड़ लाल नगर पालिका कनिष्ठ सहायक भागचन्द खटीक, एसबीएम इंजिनियर हर्षवर्धन सिंह, कनिष्ठ तकनीकी सहायक विरेन्द्र कुमार योगी व सफाई जमादार सत्यनारायण लखन सहित अन्य पालिका कार्मिक सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित रहें।

6 लाख कीमत का 37.366 किलो अफीम डोडा चूरा सहित स्विफ्ट कार जब्त

जयपुर, (कासं.)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर भीलवाड़ा जिले की करेड़ा थाना पुलिस ने मारवाड़ की बिच्छू गैंग व सीआर गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर एक स्विफ्ट कार जप्त की है। कार की डिग्गी से पुलिस ने 6 लाख कीमत का 37.366 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध श्री दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राकेश उर्फ राका उर्फ बिच्छु उर्फ आनन्दपाल पुत्र पेमाराम मेघवाल (22) निवासी मेघवालो का बास समोकी थाना जैतारण जिला ब्यावर का हिस्ट्रीशीटर तथा बिच्छू गैंग का सक्रिय सदस्य है। इसके विरुद्ध लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस के कुल 13 मुकदमे विभिन्न थानों मे दर्ज है।

एडीजी एमएन ने बताया कि सीआर गैंग के सक्रिय सदस्य बुधाराम उर्फ बुधराज विश्नोई पुत्र अचला राम (26) निवासी जून की ढाणी रावर थाना कापरडा जिला जोधपुर ग्रामीण के खिलाफ अपहरण, फिरोती मांगने, लूटपाट तथा गैंगवार के कुल 05 मुकदमे विभिन्न थानो मे दर्ज है। गिरफ्तार दोनों आरोपी अलग-अलग मुकदमों में न्यायालयों में वांछित है।

एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम वर्मा के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक श्री राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित की गई टीम में भीलवाड़ा जिले से अटैच सदस्यों कांस्टेबल विजय सिंह व गोपाल धाबाई को सूचना मिली कि मारवाड़ में सक्रिय दो बदमाश मादक पदार्थ तस्करी कर भीलवाड़ा की तरफ आ रहे है। सूचना से थाना करेड़ा एसएचओ को अवगत कराया गया। जिनके द्वारा ओडिया तिराहे पर नाकाबंदी कर सन्दिग्ध स्विफ्ट कार को रुकवा अफीम डोडा चूरा जप्त कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। बिच्छू गैंग पाली, अजमेर, भीलवाड़ा, जोधपुर, ब्यावर आदि जिलों में सक्रिय है जो रात के समय हाईवे पर अवैध हथियारों के बल पर लूटपाट-डकैती व नकबजनी की वारदातों को अंजाम देती है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर योजना के आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड संख्या B-47 क्षेत्रफल 175.5 वर्गमीटर आवंटी/अन्तरिति स्व. दीपक अग्रवाल पुत्र स्व. राधेश्याम अग्रवाल निवासी T-16 शास्त्री नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 25/5/2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत/अपंजीकृत दिनांक 21/5/21) संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु श्रीमती प्रियंका अग्रवाल पत्नि स्व. दीपक अग्रवाल निवासी T-16 शास्त्री नगर अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशगनढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2024/ दिनांक-

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का वितरण राजस्व ग्राम किशनगढ बी खसरा नं 1509/1484 भूखण्ड संख्या 01 का कुल क्षेत्रफल 700.00 वर्गगज भूमि का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयाजनार्थ कृषि भूमि नियमन प्रकरण विचाराधीन है। अत: निम्न खसरा नम्बर के भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/ कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्रसं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं.	क्षेत्रफल/रकबा भूखण्ड संख्या	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्री विष्णुप्रकाश पुत्र श्री रामस्वरूप निवासी राघव निवासी अजमेर रोड मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर	मदनगंज 1509/1484	भूखण्ड संख्या 01 क्षेत्रफल 700.00 वर्गगज	आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

आयुक्त नगर परिषद किशगनढ

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन किशनगढ़ अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: LU2012/ADA/2024-25/101247 दिनांक- 1/10/2024

लोक सूचना

श्री PRAVEEN KUMAR BAIRVA पुत्र श्री RAMESHVAR LAL जाति BAIRVA निवासी V/P TILONIYA TEH. KISHANGARH DISTT. AJMER श्रीमति VIMLA पत्नी श्री RAMESHWAR जाति BAIRVA निवासी V/P TILONIYA TEH. KISHANGARH DISTT. AJMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्य प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	फलौदा किशनगढ़ (अजमेर)	VIMLA	553/62	1121.3	0.1121
2.	फलौदा किशनगढ़ (अजमेर)	PRAVEEN	554/62	478.7	0.0479
				कुल	0.16

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01/10/2024 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी, जोन किशनगढ़ अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/413 दिनांक : 01-10-24

लोक सूचना

आवेदक श्री प्रेमा राम बिजारणिया पुत्र श्री रामू राम बिजारणिया निवासी श्री राम कॉलोनी गांधीनगर मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राज0 2. श्री प्रवेग कुमार मेवाडा पुत्र श्री राजेश कुमार मेवाडा निवासी पावर हाउस के पीछे कृष्णापुरी मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राज0 ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का. वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
किशनगढ़ - अजमेर	किशनगढ बी	1588/335	खसरा नम्बर 1590/335 क्षेत्रफल किशनगढ बी 1590/335 रकबा 0.0458 हैक्टेयर यानि 458. 0 वर्गमीटर

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एंव मुहर के अधीन आज .....को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़।

प्रांतीय कार्यक्रम को अधिकाधिक करने पर जोर

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब प्रांत 3233 ई 2 के संभाग 2 के जोन 2 की क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक मंगलवार को वैशालीनगर स्थित क्रेजी टेल में क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन राजकुमारी पांडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि जोन द्वितीय के अधीन आने वाले क्लब लायंस क्लब वेस्ट, पृथ्वीराज, शौर्य द्वारा अब तक किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा की गई।

साथ ही भावी सेवा कार्यों की रूप रेखा के लिए कार्य योजना बनाने एवम क्रियान्वित करने पर जोर दिया। मीटिंग में वेस्ट के अध्यक्ष लायन चरणप्रकाश गुप्ता, पृथ्वीराज के लायन राजेश बोहरा, शौर्य की प्रतिभा विश्वा ने अपने अपने क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर लायंस क्वेस्ट की सभापति लायन अंशु बंसल ने सेवा एवम संस्कार पर कार्य करने की अनुशंसा की।

राजस्थान महिला कल्याण मण्डल में फ्रेशर पार्टी हुई

अजमेर, (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास, अजमेर द्वारा विशेष शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत सागर कॉलेज में डी.एड एवं बी.एड प्रथम वर्ष स्पेशल एजुकेशन के नवप्रवेशित विद्यार्थीयों का स्वागत समारोह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का प्रारम्भ संयुक्त निदेशक, अनुराग सक्सैना, अति. निदेशक, तरूण शर्मा, लेखाधिकारी,नेमीचन्द वैष्णव, उपनिदेशक आजीविका एवं बाल अधिकार, नानूलाल प्रजापति उपनिदेशक एच.आर.डी., डॉ.भगवान सहाय शर्मा, एवं पदमा चैहान आदि द्वारा माँ सरस्वति एवं संस्था संस्थापक स्व0 श्री सागरमलजी कौशिक के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया।संयुक्त निदेशक, अनुराग सक्सैना द्वारा विद्यार्थीयों को विशेष शिक्षा के अन्तर्गत कैसे अपना केरियर बनाए बताते हुए सभी के उज्जवल भविष्य कि कामना की। अति. निदेशक,तरूण शर्मा द्वारा उद्धबोधन में विशेष शिक्षा को लोगों तक कैसे पहुचाएं बताया और सभी को बधाई प्रेषित की। लेखाधिकारी, नेमीचन्द वैष्णव द्वारा मारवाडी भाषा में अपने विचार प्रस्तुत किये व उदाहरण द्वारा यह बताया कि किस प्रकार अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। उपनिदेशक आजीविका एवं बाल अधिकार, नानूलाल प्रजापति ने बताया कि सीखना एक सत्त प्रक्रिया है। सागर कॉलेज द्वारा पूर्व के छात्रों की सफलता का राज यही है कि यहां पर सभी फैकल्टी एवं स्टाफ सदैव सीखना जारी रखते है व कॉलेज मे हमेशा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण पर जोर दिया जाता है। विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन आदित्य पारीक द्वारा किया गया इस कार्यक्रम मे विशेष शिक्षा मे शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सागर कॉलेज के 125 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। सागर कॉलेज फेकल्टी प्रियंका मेघवाल, अलबीना खान, रवि सामरिया, पुस्तकालय प्रभारी विक्रान्त बोयत कार्यक्रम में मौजूद रहे।

धरना दुधियों को पांच रुपए अनुदान देने की मांग

अजमेर, (कासं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अजमेर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के नेतृत्व में अजमेर जिले के कांग्रेसजनों ने राज्य की भाजपा सरकार की हर मोर्चे पर विफलताओं को लेकर मंगलवार को प्रात: 11 से दोपहर एक बजे तक ज्योतिबा फुले सर्किल के पास धरना दिया। इसके पश्चात केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए डेयरी के चेयरमेन रामचंद्र चौधरी भाजपा सरकार पर जमकर बरसे और चौधरी ने कहा कि राज्य सरकर ने 8 माह से दुग्ध डेयरी को मिलने वाला अनुदान भी नहीं दिया है, जिससे दूधियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

'युवाओं को तंबाकू सेवन के बारे में आगाह करना बेहद जरूरी'

भीलवाडा, (निसं)। प्रदेश में टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 60 दिनों तक चलेगा। इस दौरान आम लोगों को तंबाकू सेवन के खतरे, खासकर युवा और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। जिले के शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने को लेकर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन कर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

मंगलवार को जिले के दो निजी स्कूलों में प्रचार प्रसार सामग्री का वितरण कर तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले रोग